संख्या-41/2026/23/69-1-2026-1767593

प्रेषक,

लाल मणि यादव,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक 23 जनवरी, 2026

विषयः वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-83 से जनपद-लखनऊ के नगर निगम लखनऊ की 39 परियोजनाओं के अवशेष कार्य को पूर्ण करने हेतु द्वितीय/अंतिम किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4140/64/10/छः/विविध/(द्वितीय किश्त)/2022-23वाल्यूम-2, दिनांक 05.01.2026 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत** वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-250/2023/1842/69-1-2023-1767593, दिनांक 12.12.2023 द्वारा जनपद-लखनऊ के नगर निगम लखनऊ की 39 परियोजनाओं हेतु रू0 699.280 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत अर्थात रू0 349.640 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। उक्त 39 परियोजनाओं के अवशेष कार्य को पूर्ण करने हेतु उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत प्राविधानित बजट की धनराशि से निम्नलिखित तालिका में अंकित द्वितीय किश्त की **धनराशि रू0 263.598 लाख (रूपये दो करोड़ तिरसठ लाख उनसठ हजार आठ सौ मात्र)** अवमुक्त किये जाने हेतु निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन, श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र. सं.	जनपद का नाम	निकाय का नाम	बस्ती/वार्ड का नाम/ कार्य का विवरण।	परियोजना की कुल लागत	सेन्टेज सहित निविदा की धनराशि	प्रथम किश्त की निर्गत धनराशि	द्वितीय/ अंतिम किश्त के रूप में स्वीकृत की जाने वाली धनराशि। (6-7)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत न्यू गुडौरा वास्तुम सिटी से भाव्या के मकान से	44.94	40.054	22.47	17.5840

			अखिलेश के मकान होते हुए बी0के0 आजाद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।				
2	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	सरोजनी नगर वार्ड के अन्तर्गत मानस नगर में श्री राम लखन सरोज के घर से रमेश गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	11.56	10.878	5.78	5.0980
3	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बिजनौर रोड सरवर नगर में साकिर हसन के मकान से सैय्यद असहर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	20.49	18.284	10.245	8.0390
4	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बस्ती बसंत खेड़ा में सजीवन पाल के घर प्रेम लोधी के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	10.75	10.117	5.375	4.7420
5	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	केसरी खेड़ा वार्ड के अन्तर्गत बस्ती कनौसी में विवेक नंद स्कूल के पास ब्रजेश कहर से योगेन्द्र कुशवाहा के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	8.75	8.223	4.375	3.8480

6	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत जानकीपुरम गार्डेन मडियांव गांव में अवधेश रावत के मकान से विजय रावत के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	10.99	10.334	5.495	4.8390
7	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत छुइयापुरवा गांव में रंजीत के मकान से मोनेश्वर के मकान तक बराती लाल के मकान से मंदिर होते हुए समीर वर्मा के मकान तक एवं राजकुमार के मकान से मुकेश के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	6.91	6.506	3.455	3.0510
8	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अबरार नगर में अब्दुल रहीम म०सं०-सी 76 से नाला तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	10.30	9.182	5.15	4.0320
9	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अबरार नगर में जुहर अहमद के मकान से रोशन उल्ला के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	6.87	6.129	3.435	2.6940

10	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अबरार नगर में ऐसान उल्ला के मकान से रहमानी हाउस तक इण्टरलाकिंग सडक एवं नाली निर्माण कार्य।	5.92	5.287	2.96	2.3270
11	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	नगर पंचायत मलिहाबाद में मोहम्मडन टोला में मुन्ना लाल मोड से लाइबुली हुड सेन्टर तिराहे तक इण्टरलाकिंग नाली एवं क्रास निर्माण का कार्य	19.72	17.579	9.86	7.7190
12	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	नगर पंचायत मलिहाबाद में मोहम्मडन टोला में शीतला मन्दिर के सामने से छंगा के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली क्रास निर्माण कार्य	30.82	27.460	15.41	12.0500
13	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	इब्राहिमपुर वार्ड द्वितीय के अन्तर्गत पंचमखेड़ा में गली नंम्बर 5ए सक्षम डिपार्टमेंटल स्टोर से धीरेन्द्र कुमार के सामने से होते हुए मनोज कुमार के मकान के सामने तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य।	23.37	20.839	11.685	9.1540

14	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बिजनौर रोड के पास अयोध्यापुरी में प्रमोद कुमार के मकान से शर्मा निवास तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य।	23.90	21.313	11.950	9.3630
15	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	सआदतगंत वार्ड दिलीप जायसवाल के घर से लेकर गोविंद रावत के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	14.95	13.328	7.475	5.8530
16	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	बालागंज वार्ड आम्रपाली योजना में एस-3 मकान नं. 855 बब्लू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	11.42	10.176	5.710	4.4660
17	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	बालागंज वार्ड आम्रपाली योजना में एस-3 मकान नं. 374 रवीन्द्र कुमार के मकान के सामने तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	9.04	8.047	4.520	3.5270
18	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	न्यू हैदरगंज तृतीय आर.एस. दोहरे के घर से सी.एस. महोबिया के घर की ओर इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	3.52	3.137	1.760	1.3770

19	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	सआदतगंत वार्ड कनक सिटी भगवंत नगर देशी शराब ठेका के सामने रमेश मिश्रा के मकान से लेकर मनोरमा जी क घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	6.56	6.492	3.280	3.2120
20	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत बिजनौर रोड पेट्रोल टंकी के सामने सरवर नगर में धुर्व ट्रेडर्स से लेकर जैन साहब के मकान तक सी०सी०/ इण्टरलाकिंग रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य।	58.53	49.269	29.265	20.0040
21	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत न्यू गुडौरा में वास्तुम सिटम् में सुन्दर लाल के मकान से कमलेश के मकान होते हुए भाव्या के मकान तक व रोशन राय के मकान से ललित कुमार के मकान तक नाली व सी०सी०/इण्टरलाकिंग रोड़ का कार्य।	50.79	42.762	25.395	17.3670
22	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत पीली कोठी मे सरस्वती छात्रावास के पास मंसाराम के घर से आगे पार्क तक इण्टरलाकिंग एवं नाली का कार्य।	23.01	19.370	11.505	7.8650

23	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	बालागंज वार्ड पानदरीबा सब्जी मंडी बाउंड्री से कच्ची सड़क तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	7.93	7.468	3.965	3.5030
24	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	फैजुल्लागंज चतुर्थ में लोखरिया में श्यामा लाल के घर से सुरेन्द्र के घर तक एवं अम्बरकेश के मकान से रामदीन के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य।	12.51	11.156	6.255	4.9010
25	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	बक्शी का तालाब के अन्तर्गत रायपुर में राजन रंजन के मकान से अजीता सिंह के मकान तक इण्टरलाकिग एवं नाली निर्माण कार्य।	20.31	17.094	10.155	6.9390
26	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	जानकीपुरम् तृतीय वार्ड के अन्तर्गत महावन कालोनी में अनुराग कुमार के मकान से एम०डी० मिश्रा के मकान होते हुए वंदना वर्मा के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	19.89	17.573	9.945	7.6280
27	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अबरार नगर में अजीज अहमद सिद्दकी के मकान से एस० एस० टावर अपार्टमेन्ट तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं	26.79	22.551	13.395	9.1560

			नाली निर्माण कार्य।				
28	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अबरार नगर मे अजीम जनरल स्टोर से नसरीन बानो के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	30.15	25.381	15.075	10.3060
29	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बहादुरपुर में एच०के० त्रिपाठी के मकान से अंजू सिंह के मकान तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य।	27.41	23.074	13.705	9.3690
30	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	नगर पंचायत मलिहाबाद मे वार्ड नं0-6 हनुमान भटूरा वाले के मकान से शाहिद अली के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।	7.25	6.105	3.625	2.4800

31	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	विवेकानन्दपुरी वार्ड के अन्तर्गत पाण्डेय टोला में सनी रावत के मकान से वंदना मान्टेसरी तक एवं चाँद अवध के मकान से विनोद के मकान तक कृष्ण चन्द्र वर्मा के मकान से मो० निजाम के मकान तक एवं मुन्ना वर्मा के मकान से एम०ए० सिद्दकी के मकान तक एवं कुरबानी पेन्टर से संजय वर्मा के मकान तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य।	31.28	26.331	15.640	10.6910
32	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	हैदरगंज द्वितीय में भपटामऊ रेलवे कासिंग नाहिद नगर में अरविन्द्र से दिलीप के घर होते हुए संतोष सिंह के घर एवं पप्पू से अब्बास के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	16.02	14.284	8.010	6.2740
33	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	सआदतगंत वार्ड स्टेट बैंक भपटागऊ शाखा मोहान लखनऊ बगल वाली गली व गौरव श्रीवास्तव वाली गली में इंटरलाकिंग टाइल्स व नाली निर्माण कार्य।	11.88	10.597	5.940	4.6570
34	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	न्यू हैदरगंज द्वितीय वार्ड मे आदर्श विहार कालोनी में अकील के मकान से रानी देवी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व	2.72	2.649	1.360	1.2890

			नाली निर्माण				
35	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	कन्हैया माधवपुर द्वितीय शाहपुर में सोहन लाल की दुकान के सामने से एस. के. पब्लिक स्कूल तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली निर्माण कार्य।	8.94	7.976	4.470	3.5060
36	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	कन्हैया माधवपुर प्रथम बरौरा गांव तुलसी राम के घर से मुकेश के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण।	4.16	3.706	2.080	1.6260
37	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	भरवारा मल्हौर वार्ड के अन्तर्गत कृष्णा विहार कालोनी में विज्ञान खंड 3 में जगनाथ सिंह के मकान से दीपक मिश्रा के घर से मुख्य मार्ग तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	15.21	13.552	7.605	5.9470
38	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	बक्शी का तालाब के अन्तर्गत कमलाबाद बढ़ौली में कृष्णा बिहार कालोनी में मिश्रा हास्टर से साहिल शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य।	18.03	16.073	9.015	7.0580

39	लखनऊ	न0नि0, लखनऊ	फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत अशोक विहार कालोनी गेट से आशुतोष शर्मा के मकान होते हुए अनुराग श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य।	25.69	22.902	12.845	10.0570
			योग	**699.280**	**613.238**	**349.640**	**263.5980**

(रूपये दो करोड़ तिरसठ लाख उनसठ हजार आठ सौ मात्र)।

1. उक्त धनराशि प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देश विषयक शासनादेश संख्या-117/ 2017/69-1-17-14(31)2012टीसी, दिनांक 26 अक्टूबर, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्ण रूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियॉं, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमश: इस प्रकार प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।
4. उक्त धनराशि यथा समय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिला स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।
6. योजनान्तर्गत कराये जाने वाले समस्त कार्यों का विवरण, उनकी लागत, कार्य पूर्ण होने की अवधि, कार्यदायी संस्था व उससे संबंधित अभियन्ता एवं परियोजना अधिकारी का नाम व फोन नम्बर कार्य स्थल पर नोटिस बोर्ड लगाकर सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त सभी विवरण एवं योजना का आगणन डूडा की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जायेगा।
7. सूडा/डूडा द्वारा स्वीकृत की जा रही धनराशि को एच0डी0एफ0सी0 बैंक/शिड्यूल बैंक में ही रखा जायेगा और स्वीकृत धनराशि पर अर्जित ब्याज की धनराशि को राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
8. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।

9. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
10. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजनाओं के आगणनों का गठन वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 04.04.2008 के अनुरूप है तथा उसमें कार्य विशेष की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गई है।
11. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा इकाई (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।
12. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
13. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रमुख सचिव, सचिव अथवा विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।
14. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
15. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो, तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।
16. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।
17. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2026 तक व्यय हो सके।
18. कार्यदायी संस्थाओं द्वारा शासकीय धन को एच0डी0एफ0सी0 बैंक/शिड्यूल बैंक में ही रखा जाय और यदि शासकीय धन पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय।
19. प्रश्नगत परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित परियोजना निदेशक एवं परियोजना अधिकारी, डूडा का होगा।

2. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या-083 लेखा शीर्षक** 2217047890500 मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित व मलिन बस्ती चालू विकास योजना **मानक मद** 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लाल मणि यादव)
उपसचिव।

संख्या एवं दिनॉक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,20 सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, प्रयागराज।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, **लखनऊ**।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9, उ0प्र0 शासन।
8. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
9. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन।
10. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
12. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
13. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

(लाल मणि यादव)
उप सचिव।